
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 75 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...शरीर को मिलते है लाभ



# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 17 जून 2020



मौसम अधिकतम 36.0° न्यूनतम 24.0° | 33605.22 | 2 भारत पर ही धौंस दिखा रहा चीन | 7 रोहित से आती है सचिन वाली फील

# चीन का धोखा, 3 जवान शहीद

## लद्दाख बॉर्डर पर 45 साल बाद हिंसक झड़प

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। लद्दाख की गलवान घाटी में सोमवार रात आखिर वह हुआ जिसकी कल्पना भी पिछले 45 सालों से किसी ने नहीं की थी। चीन और भारत के बीच झड़प की खबरें अकसर आती हैं लेकिन 15 जून की रात यह खूनी संघर्ष में बदल गया जिसमें दोनों तरफ नुकसान की खबरें हैं। हिंसा किस तरह की होगी इसका अंदाजा इस बात से लगाएं कि बिना गोली चले दोनों तरफ सैनिकों ने जान गंवा दी। यह सब ऐसे वक्त में हुआ जब सेना अधिकारी लगातार विवाद को शांत करने के लिए मीटिंग्स कर रहे थे। लद्दाख बॉर्डर पर सुबह से लेकर अबतक क्या-क्या हुआ जानिए

**तनाव खत्म करने की कोशिशें फिर शुरू:** 16 जून को तनाव खत्म करने के लिए चीनी सेना के रिक्वेस्ट पर सुबह 7.30 बजे दोनों देशों के सीनियर मिलिट्री ऑफिसर्स के बीच बातचीत फिर शुरू हुई।

**रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की बड़ी बैठक:** बॉर्डर के हालात देखते हुए खुद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ विपिन रावत और तीनों सशस्त्र सेनाओं के प्रमुखों के साथ बड़ी बैठक की है। राजनाथ सिंह के आधिकारिक आवास 24, अकबर रोड पर हुई इस बैठक में सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे, चीफ ऑफ एयर स्टाफ आरकेएस भदौरिया और नौसेना प्रमुख करमबीर सिंह ने हिस्सा लिया है। दूसरी तरफ सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे का पठानकोट मिलिटरी स्टेशन का दौरा रद्द किया गया।

15 जून को गलवान वैली और हॉट स्प्रिंग एरिया में ब्रिगेड कमांडर और लोकल कमांडल लेवल की मीटिंग हुई थी।



### चीन को भी मुंहतोड़ जवाब, 5 चीनी सैनिक मरे!

लद्दाख बॉर्डर पर भारत और चीन के बीच हिंसक झड़प में एक कमांडिंग ऑफिसर समेत 3 जवान शहीद हुए हैं, लेकिन ऐसी खबरें हैं कि भारतीय जवानों ने भी चीनियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। सेना ने अपने संशोधित बयान में चीन को नुकसान होने का इशारा किया है। अपुष्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन के कम से कम पांच जवान मारे गए हैं। बताया जा रहा है कि इस झड़प में 11 चीनी जवान घायल हुए हैं। उन्हें स्ट्रेचर पर चीनी सीमा में ले जाया गया। हालांकि अभी तक चीन की ओर से इस पर कोई बयान नहीं आया है। चीनी सरकार के मुखपत्र माने जाने वाले ग्लोबल टाइम्स ने भी चीनी सेना को हुए नुकसान पर चुप्पी साधी हुई है।

### चीनी सैनिकों ने चलाए पत्थर, लाठी

मिली जानकारी के मुताबिक, बॉर्डर पर चीनी सैनिकों ने गोली तो नहीं चलाई लेकिन लाठी-डंडों, पत्थर से हमला किया था। लद्दाख की गलवान घाटी में सोमवार रात चीनी सैनिकों के साथ श्हिंसक टकरावश के दौरान भारतीय सेना का एक अधिकारी और तीन जवान शहीद हो गए। भारत और चीन की सेना के वरिष्ठ अधिकारी लद्दाख में तनाव कम करने के लिये बैठक कर रहे हैं। बीते पांच हफ्तों से गलवान घाटी में बड़ी संख्या में भारतीय और चीनी सैनिक आमने-सामने खड़े थे। यह घटना भारतीय सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे के उस बयान के कुछ दिन बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के सैनिक गलवान घाटी से पीछे हट रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हिजबुल कमांडर समेत 3 आतंकी ढेर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के शोपियां में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में हिजबुल मुजाहिदीन के तीन आतंकियों को मार गिराया गया है। मुठभेड़ समाप्त होने के बाद, सुरक्षाबलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है। यह मुठभेड़ शोपियां के तुर्कवंगम इलाके में चल रही थी। मारे गए आतंकियों की पहचान कर ली गई है और मुठभेड़ स्थल से भारी तादाद में हथियार व गोलाबारूद भी बरामद हुआ है। वहीं डीजीपी जम्मू दिलबाग सिंह ने तीनों आतंकियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि जून में ही सुरक्षाबलों संग हुई विभिन्न मुठभेड़ों में 17 आतंकी मारे जा चुके हैं।

### हरेला पर्व पर सम्पूर्ण जनपद में किया जायेगा व्यापक वृक्षारोपण"

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव ने एनआईसी सभागार से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से जुड़े तथा बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 16 जुलाई, 2020 को हरेला दिवस के अवसर पर सरकारी और गैर सरकारी व्यक्ति सभी की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा।

### केंद्र सरकार के समक्ष रखें अपना पक्ष

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मुंबई के वकील घनश्याम उपाध्याय से कहा कि वह अपना पक्ष केंद्र सरकार के समक्ष रखें। उपाध्याय ने याचिका में मांग की थी कि समाचारों के प्रकाशन या प्रसारण के लिए किसी पत्रकार के खिलाफ तब तक कोई एफआइआर दर्ज नहीं की जानी चाहिए जब तक भारतीय प्रेस परिषद या कोई अन्य न्यायिक प्राधिकरण उसकी मंजूरी प्रदान न कर दे।

## देश में कोरोना केस बढ़कर 3,43,091

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

■मृतकों की संख्या 9,900 हुई

नई दिल्ली। भारत में कोविड-19 के 10,000 से अधिक नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 3,43,091 हो गए। वहीं 380 और लोगों के जान गंवाने के बाद मरने वालों की संख्या 9,900 हो गई।केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 10,667 नए मामले सामने आए हैं। मंत्रालय द्वारा सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार देश में अभी 1,53,178 लोगों का इलाज चल रहा है जबकि 1,80,012 लोग ठीक हो चुके हैं।अधिकारी ने कहा, '' अभी तक मरीजों के ठीक होने की दर 52.46 प्रतिशत के करीब है।''कुल पुष्ट मामलों में विदेशी नागरिक भी शामिल है। अमेरिका, ब्राजील और रूस के बाद भारत में ही कोविड-19 के सबसे अधिक मामले हैं।

अमेरिका के जॉन हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के अनुसार भारत संक्रमण से सबसे अधिक मौतों के मामलों की सूची में आठवें नंबर पर है। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन 380 लोगों की जान गई, उनमें से 178 लोग महाराष्ट्र के, 73 दिल्ली के, 44 तमिलनाडु के, 28 गुजरात के, 12 हरियाणा के, 10 पश्चिम बंगाल के, नौ राजस्थान और छह लोग मध्य प्रदेश के थे।

## दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री को कोरोना वायरस संक्रमण नहीं

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में नहीं हैं। मंगलवार सुबह ही उनका कोरोना वायरस का टेस्ट किया गया था, जिसकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है। पूर्वी दिल्ली स्थित राजीव गांधी सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की हालत स्थिर है, लेकिन बुखार अब भी बना हुआ है। इससे पहले सत्येंद्र जैन ने सोमवार को तेज बुखार और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की थी। इसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कर उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। लक्षणों के आधार पर सत्येंद्र जैन के कोरोना वायरस संक्रमित होने की आशंका जताई गई थी और सुबह ही उनका कोरोना टेस्ट किया गया था। वहीं, अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक, सोमवार देर रात सांस लेने में दिक्कत हुई। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कोरोना संकट पर राज्यों के मुख्यमंत्रियों से पीएम ने की बात, कहा

# कोरोना जितना रुकेगा अर्थव्यवस्था उतनी बढ़ेगी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कोरोना के खतरे से निपटने के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियों बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया है। मोदी ने कोरोना संकट पर राज्यों के मुख्यमंत्रियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बात करते हुए कहा कि हमें इस बात का ध्यान रखना है कि हम कोरोना को जितना रोक पाएंगे, उतनी ही हमारी अर्थव्यवस्था खुलेगी, हमारे दफ्तर खुलेंगे, मार्केट खुलेंगे, ट्रांसपोर्ट के साधन खुलेंगे और उतने ही रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे।

मोदी ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों के दौरान किए गए प्रयासों का नतीजा दिखने लगा है और अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने के संकेत मिलने लगे हैं। खरीफ की बुआई में पिछले साल के मुकाबले 12-13 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। रिटेल में डिजिटल पेमेंट लॉकडाउन के पहले के स्तर का करीब 70 फीसदी पहुंच गया है जो इस बात का संकेत हैं कि देश में आर्थिक गतिविधियां पटरी पर लौट रही हैं।

मोदी ने कहा कि एमएसएमई और ट्रेड इंडस्ट्री के लिए वैल्यू चेन तैयार करने पर भी काम करने की जरूरत है। राज्यों को स्पेसिफिक इलाकों में 24 घंटे सामान की लोडिंग और अनलोडिंग की अनुमति देनी चाहिए ताकि शहरों के बीच माल ढुलाई में कोई दिक्कत न हो। किसानों के लिए सरकार ने कई उपायों की घोषणा की है जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि वह कोरोना से निपटने और अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए मुख्यमंत्रियों के सुझाव जानने के लिए उत्सुक हैं। इससे आगे की रणनीति बनाने में मदद मिलेगी।

### आत्मनिर्भर भारत पैकेज से फायदा

पीएम मोदी ने कहा कि अधिकतर राज्यों में कृषि, बागवानी और एमएसएमई का बड़ा हिस्सा है। आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत इन क्षेत्रों के लिए कई उपायों की घोषणा की गई है। इससे इन क्षेत्रों का फायदा होगा। उद्योगों को तेजी से क्रेडिट मिलेगा और वे जल्दी से जल्दी अपना काम कर पाएंगे। इससे लोगों को रोजगार मिलेगा।

## पार्टी के ऊपर चीनी राष्ट्रपति की पकड़ ढीली

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

### देश के छवि को बनाने में जुटे चीनी नेता

पेइचिंग। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग कोरोना वायरस महामारी और उसके बाद आई व्यापक आर्थिक मंदी के कारण अपनी ही पार्टी पर पकड़ खोते दिखाई दे रहे हैं। मंगलवार को भारत के साथ लगी सीमा पर हुई हिंसक झड़प भी चिनफिंग को एक मजबूत नेता के रूप में प्रदर्शित करने की योजना का हिस्सा ही दिखाई दे रहा है। चिनफिंग को एक निर्णायक नेता और चीन को एक मजबूत राष्ट्र के तौर पर राज्य नियंत्रित मीडिया प्रसारित करती है जबकि सच्चाई इसके एकदम विपरीत है।

सेंटर फॉर स्ट्रेटजिक में चाइनीज इकोनॉमिक्स और बिजनेस के एक्सपर्ट स्कॉट कैनेडी ने कहा कि चीन की सत्ताधारी पार्टी दुर्भावना से पूरी तरह ग्रस्त है और इसके नेता विश्व वरचस्व कायम करने पर जबकि, वास्तविकता यह है कि चीन टुकड़ों में बंटा हुआ है। कम्यूनिस्ट पार्टी के नेता आपस में ही विरोधाभासी हैं।


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development

All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding

1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation

A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:

Gadoli Media Ventures

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in